उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 4107–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2017–20/2009 दिनांकः 14 नवम्बर, 2017

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर– I/ II),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/लखनऊ।

विषयः उ0प्र0 बिजली कर्मचारी संघ द्वारा द्विवार्षिक महासम्मेलन हेतु पदाधिकारियों एवं सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 बिजली कर्मचारी संघ के मुख्य महामंत्री ने यह सूचित किया है कि उनके संगठन का द्विवार्षिक महासम्मेलन दिनॉक 18, 19 एवं 20 दिसम्बर, 2017 को कानपुर में सम्पन्न होने जा रहा है तथा प्रथम कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 20 दिसम्बर, 2017 को कानपुर में ही हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त तिथियों का "विशेष अवकाश" प्रदान किया जाए।

संगठन के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश सं0–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अनुसार संगठन के उन सदस्यों को जो महासम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक हो उन्हें दिनॉक 18 एवं 19 दिसम्बर, 2017 का "विशेष आकस्मिक अवकाश" उन्हें आवंटित कार्यों की आवश्यकता एवं आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए जिसके एक मात्र निर्णायक सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी होगें, स्वीकृत कर दिया जाए।

संगठन के सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" स्वीकृत करने में नियंत्रक अधिकारी द्वारा पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप सं0–5820(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रकिया का निष्ठापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारेषण)

संख्याः 4107 (i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
5. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. मुख्य महामंत्री, उ0प्र0 बिजली कर्मचारी संघ, केन्द्रीय कार्यालय हरीश तिवारी यूनियन भवन, ए–949/5, इन्दिरा नगर, लखनऊ को उनके पत्र सं0–1158/ट्रान्स्कों/2017 दिनांक 10.10.2017 के संदर्भ में।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारेषण)